Government of India

# Media Scanning & Verification Cell

**Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.**

| Alert ID | Publication Date | Reporting Date | Place Name | News Source/Publication Language |
|---|---|---|---|---|
| **7638** | 10.08.2023 | 11.08.2023 | Durg Chhattisgarh | www.etvbharat.com/Hindi https://www.etvbharat.com/hindi/chhattisgarh/state/durg/bhilai-news-dengue-havoc-in-bhilai-38-patients-including-bsf-jawan-dengue-positive/ct20230810140159534534913 |
| **Title:** | **38 patients including BSF jawan dengue positive in Bhilai in Durg, Chhattisgarh** | | | |
| Action By CSU, IDSP –NCDC | Information communicated to DSU – Durg, SSU- Chhattisgarh | | | |

बारिश के मौसम में एक बार फिर मौसमी बीमारियां लोगों को अपनी चपेट में ले रही है. ट्विनसिटी दुर्ग भिलाई में पीलिया और डेंगू के कई मामले आए हैं. डेंगू का डंक लगातार टाउनशिप में लोगों को अपना शिकार बना रहा है. इस बार सबसे ज्यादा डेंगू के मरीज सेक्टर एरिया में देखनेको मिल रहेहैं. स्वास्थ्य विभाग की लिस्ट में 38 मरीज हैं. जिनमेंसे सेक्टर एरिया के 32 मरीज हैं. इनमें पांच बीएसएफ जवान भी शामिल हैं.

**स्वास्थ्य विभाग चलाएगा ज्वाइंट ऑपरेशन** : भिलाई टाउनशिप में पिछले तीन महीनों में 12 लोगों में डेंगू के लक्षण मिले थे. इनमें से सभी का इलाज अस्पताल में हुआ और छुट्टी दे दी गई. वहीं ताजा मामले में 38 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई थी. जिसमें भिलाई नगर निगम में 32 केस आए थे. इनमें से कुछ मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है. वहीं 18 मरीजों का इलाज दुर्ग जिले के अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है. डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग और निगम की टीम ज्वाइंट ऑपरेशन चलानेकी तैयारी कर रहे हैं.

**2018 में डेंगू ने बरपाया था कहर** : साल 2018 में डेंगू ने अपना रौद्र रूप दिखाया था. 5000 लोग डेंगू से पीड़ित हुए थे. 80 से ज्यादा लोगों की मौत डेंगू से हुई थी. जिसमें अधिकतर बच्चे शामिल थे. फिलहाल स्वास्थ्य अमला अलर्ट मोड में नजर आ रहा है. जिला स्वास्थ्य विभाग ने पूरे जिले में अस्पतालों में अलर्ट घोषित कर दिया है.

**Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!**

**Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.**

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

*" दुर्ग जिले में डेंगू के केस फिर बढ़ते जा रहे हैं. फिलहाल डेंगू के 38 केस जिले में मिलेहैं. इनमें से पांच लोग बाहर से आए थे. 18 मरीज भर्ती है. इनमें से बीएसएफ के पांच जवान भी शामिल हैं. इनमें से एक का रिपोर्ट पॉजिटिव आया है, जबकि 4 की रिपोर्ट अभी नहीं आई है. लोगों से अपील हैकि अपने आसपास का एरिया साफ सुथरा रखें. कहीं पर भी पानी का जमाव न होनें दे और मच्छरदानी लगाकर सोएं."* **एं -जेपी मेश्राम,सीएमएचओ**

**बीएसपी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप :** बीएसपी टाउनशिप में बढ़ रहे डेंगू के मामलों को लेकर स्थानीय पार्षदों ने बीएसपी प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है. सेक्टर 2 की पार्षद साधना सिंह के मुताबिक बीएसपी टाउनशिप में साफ सफाई को लेकर गंभीर नहीं है. कई जगहों पर गंदा और साफ पानी जमा है. डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है.लेकिन बीएसपी कोई ठोस रणनीति नहीं बना रहा.

*"ठहरे हुआ पानी चाहेसाफ हो या गंदा डेंगू के लार्वा पनप रहे हैं.नगर निगम की टीम लोगों के घरों का सर्वे कर डेंगू लार्वा नष्ट करने वाली दवाइयां बांट रही है. सेक्टर 2 में अब तक डेंगू के 15 केस सामने आ चुके हैं. बीएसपी प्रबंधन को आवेदन देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई. स्वास्थ्य विभाग ही अलर्ट है."* **-साधना सिंह,पार्षद वार्ड 56**

**दुर्ग जिले में डेंगू का प्रकोप :** बारिश के दौरान डेंगू का असर इस बार तेजी सेफैल रहा है.सेक्टर 2, 4 ,5,6,कोहका, प्रियदर्शनी परिसर, कैंप एरिया में डेंगू के मरीज मिले हैं.नगर निगम की टीम सेक्टर के चिन्हित इलाकों में फॉगिंग और दवाओं का छिड़काव कर रही है. स्वास्थ्य विभाग अब डेंगू के बढ़ते असर को देखते हुए जनजागरुकता अभियान चलाने की बात कह रहा है. वहीं टाउनशिप में इस्पात सुविधा की टीम भी ऑइलिंग, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव और फॉगिंग कर रही है.

**क्या हैं डेंगू के लक्षण** : डेंगू बुखार एक बीमारी हैजो डेंगू वायरस से संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलती है. लक्षण आम तौर पर फ्लू जैसे होते हैंलेकिन गंभीर डेंगू में बदल सकतेहैं, जो जीवन के लिए खतरा है. दूसरी बार संक्रमित होने से गंभीर लक्षणों का खतरा बढ़ जाता है. यदि आपको पहले भी एक बार डेंगू हो चुका है तो आप टीका लगवा सकते हैं. डेंगू सामान्य बुखार की तरह होता है. जिसमें 104 डिग्री सेल्सियस तक बुखार आता है. इसके साथ ही आंखों मेंतेज दर्द, मतली या उलटी, हड्डियों और जोड़ों में दर्द होता है. डेंगू मगूच्छर के काटनेके चार से दस दिन बाद सेबुखार आने लगता है. जो तीन दिन सेलेकर सात दिनों तक होता है. डेंगू से पीड़ित लगभग 20 में से 1 व्यक्ति में प्रारंभिक लक्षण कम होने के बाद गंभीर डेंगू विकसित होता है.

**डेंगू होने पर क्या करें** : यदि आपको डेंगू हुआ हैतो आप ज्यादा पानी और तरल पदार्थपीकर खुद को हाइड्रेटेड रखें. जितना संभव हो उतना आराम करें. दर्द का इलाज केवल डॉक्टर की दी हुई दवाओं से करें. इबुप्रोफेन या एस्पिरिन जैसी दवाओं का सेवन सहीं नहीं माना गया है.क्योंकि डेंगू होने पर शरीर मेंप्लेटलेट्स कम होने लगतेहैं.ऐसेमेंडेंगू वायरस कम होनेके बजाए बढ़ सकता है.

**डेंगू से कैसे करें बचाव :** बारिश के मौसम में अक्सर लोगों के घरों में पानी का जमाव होता है. इसी पानी में डेंगू के मच्छर पनपते हैं. घर के कूलर, बेकार के सामान, टायर और गमलों में यदि पानी इकट्ठा हो रहा हैतो उसेतुरंत खाली करे. घर की नालियों मेंपानी जमा ना होने दे.नाली में यदि पानी जमा हो रहा है तो उसमें केरोसिन ऑयल या दवाईयों का छिड़काव कर.

**Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!**

**Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.**

**Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,**
**Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India**
**22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054**
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC